छत्तीसगढ़ में 'नियद नेल्लानार' लॉन्च किया जाएगा

चर्चा में क्यों?

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के अनुसार, राज्य सरकार**नक्सल प्रभावित गाँवों तक बुनियादी सुविधाएँ और कल्याणकारी परियोजनाओं का लाभ सुनिश्चित** करने के लिये जल्द ही **'नियद नेल्लानार' योजना** शुरू करने जा रही है।

- इन गाँवों को केंद्र के पीएम-जनमन कार्यक्रम के समान सुविधाएँ मिलेंगी, जो विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये बनाई गई है।

मुख्य बिंदु:

- नियद नेल्लानार, जिसका अर्थ है **"आपका अच्छा गाँव" या "योर गुड विलेज"** स्थानीय दंडामी बोली (दक्षिण बस्तर में बोली जाने वाली) है।
- इस योजना के तहत बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा शिविरों के **5 किलोमीटर के दायरे में स्थित गाँवों में सुविधाएँ और लाभ** प्रदान किये जाएंगे।
  - बस्तर में 14 नये सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गए हैं। ये शिविर नई योजना के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने में भी सहायता करेंगे। नियद नेल्लानार के तहत ऐसे गाँवों में लगभग 25 बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी।
- **इन गाँवों के परिवारों को** उज्ज्वला योजना के तहत चार निशुल्क गैस सिलिंडर, निशुल्क चावल, चना-नमक, गुड़ और चीनी, राशन कार्ड, सिंचाई पंप, निशुल्क बिजली, सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी तथा वन अधिकार प्रमाण-पत्र मिलेंगे।
- बारहमासी सड़कों के अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, खेल मैदान, बैंक, ATM, मोबाइल टावर, हेलीपैड आदि का निर्माण कराया जायेगा।

उज्ज्वला योजना

- **परिचय:**
  - यह वर्ष 2021 में शुरू की गई **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) या उज्ज्वला 2.0** योजना का दूसरा चरण है।
- **उद्देश्य:**
  - महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना।
  - भारत में अशुद्ध खाना पकाने के ईंधन के कारण होने वाली मौतों की संख्या को कम करना।
  - जीवाश्म ईंधन जलाने से घर के अंदर होने वाले वायु प्रदूषण के कारण होने वाली गंभीर श्वसन बीमारियों से छोटे बच्चों को बचाना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-to-launch-niyad-nellanar